दैनिक
प्रातः कालीन
भारत सरकार से रजिस्टर्ड
हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

# क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद से प्रकाशित

RNI NO-
UPBIL/2021/83001

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

KNLS Live
सम्पर्क करे-9027776991
न्यूज़ पोर्टल बनवाये 2999 में
न्यूज़ पेपर डिजाइन कराये कम दम में

वर्ष :- 03 अंक :- 131 मुरादाबाद, 31 August 2023 (Thursday) पृष्ठ :- 08 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

## संक्षिप्त समाचार

### गाजियाबाद में सनसनीखेज वारदात: तहसील में चैंबर में घुसकर दो बदमाशों ने की अधिवक्ता की गोली मारकर हत्या



गाजियाबाद के सिहानी गेट थाना इलाके में तहसील के चेंबर नंबर 95 घुसकर नकाबपोश दो बदमाशों ने अधिवक्ता मनोज चौधरी (38) के कनपटी पर गोली मारकर हत्या कर दी। उस समय मनोज अपने साथी मुनेश त्यागी के साथ खाना खा रहे थे। उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद जिले में तहसील परिसर में अधिवक्ता को गोली मार दी। जिस समय बदमाशों ने वारदात को अंजाम दिया, उस वक्त अधिवक्ता खाना खा रहे थे। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, गाजियाबाद के सिहानी गेट थाना इलाके में तहसील के चेंबर नंबर 95 घुसकर नकाबपोश दो बदमाशों ने अधिवक्ता मनोज चौधरी (38) के कनपटी पर गोली मारकर हत्या कर दी। उस समय मनोज अपने साथी मुनेश त्यागी के साथ खाना खा रहे थे। घटना दो बजे की है। नकाबपोश बदमाश गोली मारकर मौके से फरार हो गए। चैंबर दुहाई निवासी बैनामा लेखक मुनेश त्यागी का है। मनोज गोविंदपुरम के रहने वाले थे। मनोज तहसील बार एसोसिएशन में कार्यकारिणी सदस्य रह चुके थे। मौके पर अतिरिक्त पुलिस आयुक्त दिनेश कुमार पी, डीसीपी नगर निपुण अग्रवाल समेत पुलिस बल मौजूद है।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# स्कूली छात्राओं ने प्रधानमंत्री को बांधी राखी, बच्चों से मिलकर खुश हुए पीएम मोदी



बच्चे भी प्रधानमंत्री को अपने बीच पाकर काफी खुश दिखाई दिए। इस दौरान बच्चों ने नारे भी लगाए। प्रधानमंत्री मोदी ने आज बच्चों के साथ रक्षा बंधन का त्योहार बनाया। विभिन्न स्कूलों की छात्राओं ने प्रधानमंत्री मोदी को राखी बांधी। इस दौरान बच्चों से मिलकर पीएम मोदी बहुत खुश दिखे। वहीं बच्चे भी प्रधानमंत्री को अपने बीच पाकर काफी खुश दिखाई दिए। इस दौरान बच्चों ने नारे भी लगाए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करके भी देशवासियों को रक्षाबंधन के त्योहार की शुभकामनाएं दी।

## प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया पर दी बधाई

प्रधानमंत्री ने लिखा कि मेरे सभी परिवारजनों को रक्षाबंधन की हार्दिक शुभकामनाएं। बहन और भाई के बीच अटूट विश्वास और अगाध प्रेम को समर्पित रक्षाबंधन का ये पावन पर्व, हमारी संस्कृति का पवित्र प्रतिबिंब है। मेरी कामना है, यह पर्व हर किसी के जीवन में स्नेह, सद्भाव और सौहार्द की भावना को और प्रगाढ़ करे। देश में बुधवार को रक्षा बंधन का त्योहार मनाया जा रहा है। इस दिन बहनें अपने भाई की कलाई पर राखी बांधती हैं और उनके कल्याण की कामना करती हैं। वहीं भाई, बहनों को उनकी रक्षा का वचन देते हैं। बता दें कि इस साल रक्षा बंधन का त्योहार दो दिन यानी 30 अगस्त और 31 अगस्त को मनाया जाएगा।

दरअसल भद्रा के कारण ऐसा हो रहा है। 30 अगस्त को पूर्णिमा तिथि है लेकिन इस दिन पूरे समय भद्रा है। भद्रा के चलते 30 अगस्त की रात नौ बजकर दो मिनट के बाद राखी बांध सकते हैं या फिर 31 अगस्त को सुबह सात बजकर 30 मिनट से पहले राखी बांध सकते हैं।

# मुख्यमंत्री योगी ने की घोषणा, अगले साल से कन्या सुमंगला के लाभार्थियों को 25 हजार रुपये देगी सरकार



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रक्षाबंधन के मौके पर बेटियों के खाते में कन्या सुमंगला योजना की राशि हस्तांतरित की। इस मौके पर उन्होंने बेटियों से राखी भी बंधवाई।रक्षा बंधन के पावन पर्व पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश की बेटियों को बड़ी सौगात दी है। बुधवार को लोकभवन में आयोजित %मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला% योजना के लाभार्थियों से संवाद के कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने इस योजना की धनराशि में बढ़ोतरी की घोषणा की है। सीएम योगी ने कहा कि डबल इंजन की सरकार वित्तीय वर्ष 2024-2025 से कन्या सुमंगला योजना की धनराशि को 15 हजार से बढ़ाकर 25 हजार करने जा रही है। इससे प्रदेश की बेटियों को अपने सपने को पूरा करने में और सुलभता होगी। साथ वह शिक्षित होने के साथ ही आत्मनिर्भर भी बन सकेंगी। कार्यक्रम में सीएम योगी ने कहा कि पहले इस योजना के अंतर्गत छह चरणों में 15 हजार की धनराशि का पैकेज दिया जाता था। अगले साल से बेटी के जन्म लेती ही उसके अभिभावक के खाते में 5 हजार धनराशि हस्तांतरित कर दी जाएगी। इसी तरह जब बेटी एक वर्ष की होगी तो दो हजार रुपए, बेटी के पहली क्लास में जाते ही तीन हजार,छठी क्लास में प्रवेश लेने पर तीन हजार, नवीं क्लास में जाने पर पांच हजार और अगर बेटी स्नातक या डिप्लोमा या सर्टिफिकेट का कोई कोर्स करेगी तो उसके खाते में सात हजार रुपए की धनराशि हस्तांतरित करेंगे। सीएम योगी ने कहा कि आज प्रदेश में मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के माध्यम से 1624000 हजार बेटियां लाभान्वित हो रही हैं। सीएम योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के कार्यक्रम को एक नई ऊंचाइयों की ओर ले जाने की दिशा में आज दिन बहुत ही महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार का यह मानना है कि बेटी सिर्फ बेटी है। उसके साथ किसी भी स्तर पर कोई भेदभाव नहीं होना चाहिए। उसको सुरक्षा, संरक्षण और आगे बढ़ने का पर्याप्त अवसर भी मिलना चाहिए। सीएम योगी ने कहा कि प्रदेश की जितनी भी निराश्रित बहनें हैं उन्हें राशन कार्ड, आयुष्मान भारत योजना समेत शासन की सभी योजनाओं आच्छादित किया जाएगा।

## बच्चियों ने सीएम को बांधी राखी

कार्यक्रम में शामिल कन्या सुमंगला योजना की लाभार्थी कुछ बच्चियों ने सीएम योगी के माथे पर तिलक लगाकर उनके हाथ पर राखियां बांधी। वहीं सीएम योगी ने उन्हें उपहार भेंटकर रक्षा का वचन दिया। कार्यक्रम में सीएम योगी ने 29523 लाभार्थी कन्याओं के खातों में एक क्लिक के जरिए 5.82 करोड़ रुपए की धनराशि का हस्तांतरण किया। साथ ही सीएम योगी ने प्रतीक स्वरूप 10 लाभार्थियों कन्याओं और उनके अभिभावकों को योजना का चेक भी वितरित किया।

## बेटियों ने कहा- योजना से सपने हो रहे साकार

योजना की लाभार्थी रत्ना मिश्रा ने बताया कि इस योजना के माध्यम से वह पढ़ पा रही हैं। इससे उनका आत्मविश्वास बढ़ा है। उन्होंने कहा कि अब वह अपने सपनों को साकार कर पाएंगी, क्योंकि उनके पास प्रदेश बेटियों का ध्यान रखने वाले सीएम योगी हैं। कक्षा 10वीं की छात्रा अक्षरा कुशवाहा ने बताया कि इस योजना ने उनके जैसी निर्धन कन्याओं के जीवन में बहुत बड़ा परिवर्तन लाया है। इसके जरिए वह पढ़ पा रही हैं और अन्य बच्चों के साथ कदम से कदम मिलाकर चल पा रही हैं। इसके लिए उन्होंने सीएम योगी को धन्यवाद ज्ञापित किया। महिला कल्याण, बाल विकास एवं पुष्टाहार मंत्री बेबी रानी मौर्य, महिला कल्याण एवं बाल विकास की राज्य मंत्री प्रतिभा शुक्ला और अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# महिलाओं ने कहा महंगाई बर्दाश्त.., गृह लक्ष्मी योजना के शुभारंभ कार्यक्रम पर बोले राहुल गांधी



कर्नाटक सरकार के मुताबिक, गृह लक्ष्मी योजना के लिए 1.9 करोड़ महिलाओं ने पंजीकरण कराया है, जिन्हें सरकार की ओर से सहायता दी जाएगी। कर्नाटक विधानसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस पार्टी ने पांच चुनावी वादे किए थे, जिनमें गृह लक्ष्मी योजना भी है। कांग्रेस ने विधानसभा चुनाव से पहले वादा किया था कि वह सत्ता में आते ही पांच गारंटी लागू करेगी। इसी के तहत बुधवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मैसूर में राज्य सरकार की गृह लक्ष्मी योजना का शुभारंभ किया। उद्घाटन कार्यक्रम में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे भी बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। बता दें, इस योजना के लॉन्च होने से परिवार की महिला मुखिया को प्रतिमाह 2,000 रुपये की नकद सहायता मिलेगी। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने गृह लक्ष्मी योजना के लाभार्थियों के बैंक खातों में प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (डीबीटी) के माध्यम से राशि भेजी। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की मौजूदगी में इस योजना की शुरुआत की गई। इस मौके पर कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा कि चुनाव से पहले कांग्रेस पार्टी ने कर्नाटक से पांच वादे किए थे। हमने कहा था कि कांग्रेस पार्टी और उसके नेता जब कुछ कहते हैं तो वो करते हैं। आज जब हमने टैबलेट पर क्लिक किया तो करोड़ों महिलाओं को सीधे उनके बैंक खाते में 2000 रुपये मिले। गांधी ने कहा कि हमने आपको बताया था कि चुनाव के बाद कर्नाटक में महिलाओं को बसों में यात्रा के लिए कोई भुगतान नहीं करना होगा। इस योजना का नाम शक्ति रखा गया और हमने इसे पूरा किया। उन्होंने कहा कि हमारी पांच योजनाओं को देखें। एक को छोड़कर बाकी सभी महिलाओं के लिए हैं। लेकिन बाकी चारों योजनाएं महिलाओं के लिए बनी हैं। इसके पीछे एक गहरी सोच है। राहुल गांधी ने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा में मैं हजारों महिलाओं से मिला। कर्नाटक में हम लगभग 600 किलोमीटर तक चले। मैंने आपसे बात की और मुझे एक बात स्पष्ट रूप से समझ में आई। आपने कहा कि महंगाई की मार आप पर पड़ रही है... इसकी मार महिलाओं को झेलनी पड़ती है। हजारों महिलाओं ने मुझसे कहा कि वे महंगाई बर्दाश्त नहीं कर सकतीं। मैं समझ गया कि कर्नाटक की महिलाएं इस राज्य की नींव हैं।

## लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को लाभ मिलने की उम्मीद

इस आयोजन में 1.5 लाख से अधिक महिला लाभार्थियों के भाग लेने की उम्मीद है। राज्य सरकार की तरफ से मैसूर में भव्य समारोह की व्यवस्था की गई है। महाराजा कॉलेज मैदान में भव्य पंडाल बनाया गया है। कांग्रेस नेताओं का मानना है कि इस योजना से अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव में पार्टी को लाभ मिल सकती है। इससे राष्ट्रीय राजनीति में राहुल गांधी का कद बढ़ जाएगा।

## गृह लक्ष्मी योजना के लिए 1.9 करोड़ महिलाओं ने कराया पंजीकरण

सरकार के मुताबिक, गृह लक्ष्मी योजना के लिए 1.9 करोड़ महिलाओं ने पंजीकरण कराया है, जिन्हें सरकार की ओर से सहायता दी जाएगी। कर्नाटक विधानसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस पार्टी ने पांच चुनावी वादे किए थे, जिनमें गृह लक्ष्मी योजना भी है। इस योजना के लिए पंजीकरण 19 जुलाई से शुरू हुआ था।

## कांग्रेस ने किए थे ये पांच चुनावी वादे

कांग्रेस ने विधानसभा चुनाव से पहले वादा किया था कि वह सत्ता में आते ही पांच गारंटी लागू करेगी। इनमें हर घर को 200 यूनिट मुफ्त बिजली (गृह ज्योति योजना), प्रत्येक परिवार की महिला मुखिया को दो हजार रुपये की मासिक सहायता (गृह लक्ष्मी योजना), गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले परिवारों के हर सदस्य को प्रत्येक महीने 10 किलो मुफ्त चावल (अन्न भाग्य योजना), दो साल तक 18 से 25 साल की उम्र वाले प्रत्येक स्नातक बेरोजगार को हर महीने तीन हजार रुपये और डिप्लोमा धारक को 1500 रुपये महीना का भत्ता (युवा निधि योजना) और सार्वजनिक बसों में महिलाओं को मुफ्त यात्रा की सुविधा (शक्ति योजना) शामिल हैं।

# न इंडिया न एनडीए: मायावती का बड़ा एलान, लोकसभा और विधानसभा चुनाव अकेले लड़ेगी बसपा, किसी से नहीं होगा गठबंधन



बसपा सुप्रीमो मायावती ने स्पष्ट कर दिया है कि वह विधानसभा चुनाव व लोकसभा चुनाव 2024 में किसी भी गठबंधन में शामिल नहीं होंगी। सभी चुनाव में बसपा अकेले ही लड़ेगी।बसपा के विपक्षी गठबंधन इंडिया में शामिल होने की चर्चाओं को पूरी तरह खारिज करते हुए पार्टी सुप्रीमो मायावती ने साफ कह दिया है कि वह आगामी चार राज्यों मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़ और तेलंगाना के विधानसभा चुनाव व लोकसभा चुनाव 2024 के लिए किसी भी गठबंधन में भी शामिल नहीं होंगी। उन्होंने एलान किया है कि बसपा अकेले ही चुनाव लड़ेगी। उन्होंने ट्वीट कर कहा कि एनडीए व इण्डिया गठबंधन अधिकतर गरीब-विरोधी जातिवादी, साम्प्रदायिक, धन्नासेठ-समर्थक व पूंजीवादी नीतियों वाली पार्टियां हैं जिनकी नीतियों के विरुद्ध बीएसपी अनवरत संघर्षरत है और इसीलिए इनसे गठबंधन करके चुनाव लड़ने का सवाल ही पैदा नहीं होता। अतः मीडिया से अपील-नो फेक न्यूज प्लीज।बीएसपी, विरोधियों के जुगाड, जोड़तोड़ से ज्यादा समाज के टूटे-बिखरे हुए करोड़ों उपेक्षितों को आपसी भाईचारा के आधार पर जोड़कर उनके गठबंधन से सन 2007 की तरह अकेले आगामी लोकसभा तथा चार राज्यों में विधानसभा का आमचुनाव लड़ेगी। मीडिया बार-बार भ्रान्तियां न फैलाएं।

## संपादकीय Editorial

# Suicide quota

Till August 27 this year, 23 young students have committed suicide in coaching institutes in Kota, Rajasthan. There is no possibility that this process will stop or slow down. The business establishments of Kota have become centers of suicide. There is no counseling of any kind to the students and no mental measures have been taken to prevent suicide. There are also no serious, motivational speeches to change the mood. Whether it is setting up a state level committee or setting up special police stations for young students, the root causes of suicide begin at home. The father has to juggle lakhs of rupees or take a loan. Parents want to impose their dreams on their teenage children. A student surrounded by the same tension feels lonely and closed in the hostel. When he lags behind or fails in the home examinations of the institute, the only option that comes to his mind is suicide. Only doctors or engineers are not secure careers. We have seen the slow practice of doctors and unemployed engineers. Besides them, there are innumerable professions where both money and prestige are at stake. A blind sheepishness has also made our young students commit suicide. Students coming to the coaching institutes of Kota would be more or less aware that what is the rate of success and selection! Still they are running towards these institutions, so we will blame the students only. Life will not end if the students do not become doctors or engineers. However, in 2020, more than 12,500 teenage students committed suicide in India.

This figure is from the National Crime Records Bureau. This is certainly a very scary figure. Around 2 lakh students take admission in 10 major coaching institutes of Kota. The number of teachers is around 4000. Hostels are also around 4000 and paying guests are around 40,000, but on an average 34 students are committing suicide everyday. There can be many domestic as well as psychological reasons for this. The student comes to the institute carrying stress from home. The system of institutions is also strained. Actually, a 16-18 year old teenager cannot think that what would be the state of mind of his parents after the suicide? Some such cases have also come to the fore, in which the father also lost his life after the suicide of son and daughter. What did either side gain from this? Actually these coaching institutes are also professional shopkeepers. They give admission to 10-15 such students who can crack all India level competitive exams with good marks. Illustrated advertisements of those students appear on the front pages of newspapers, so business flourishes. Rest of the students are the major source of revenue for the institutes. They fail or commit suicide. The whole system is inequitable and unprofessional. Since two students have committed suicide in the past, the administration and the government have come into action after that. It has been decided at the level of the institutes that there will be no exams on Sundays. Every Wednesday will be a holiday so that the students can have fun. At present, no examination will be taken for two months. On August 18, Chief Minister Ashok Gehlot had taken a meeting of the state level committee. In that, what study was done about the institutions, what concrete action was taken on them regarding the business activities and trends of the institutions, their information was not made available completely. Actually it is domestic and psychological problem. The shoplifting of the institutes will come to the fore when the students take admission there and join the blind race to become doctors-engineers. Of course, medical and engineering studies and examinations are difficult, but teachers and motivational, expert speakers can repeatedly convince students to take them as a challenge.

# Future drowning in Kota's ambition: Why life is being thrown into the fire of career, who will explain to the parents?

Kota Coachings are famous all over the country for engineering and medical preparation. About one and a half to two lakh children come every year for Kota coaching. For the last few years, Kota has started making an identity for the suicide of children more than coaching. These days the process of suicide of children has increased rapidly, which has put the government and the parents in worry. In the year 2009, the film came 3 Idiots. The film created an awareness in the society that the child should be given the freedom to choose a career according to his interest. A large number of parents have given this freedom to their children after watching the film Three Idiots, but there are probably many parents who dream of their children becoming doctors or engineers at any cost. Among them, this dream of some parents passes through Kota, the education city of Rajasthan. Kota coachings are famous all over the country for engineering and medical preparation. About one and a half to two lakh children come every year for Kota coaching. For the last few years, Kota has started making an identity for the suicide of children more than coaching. These days the process of suicide of children has increased rapidly, which has put the government and the parents in worry. The problem is how to stop the suicide? Neither the coaching staff nor the administration are able to find any direct solution for this. The situation has reached to such an extent that the collector of Kota has to ban taking weekly tests in the coaching center. The wings of the guest house and hostel have been fitted with springs. Will the suicides stop then? No one can guarantee it. In the last 8 months, 23 children have officially committed suicide in Kota. Not only in Kota, there has been a stir all over the country because of these suicide incidents. Rajasthan Chief Minister Ashok Gehlot met the coaching operators of Kota recently. Tried to solve in this direction. The Chief Minister even said that we cannot see children dying. He has formed a committee regarding suicide, which has to submit its report in 15 days. This committee can give its report this week itself. The Chief Minister had said that nowadays such an atmosphere has been created, as if IITN has become like God has become. Actually, such a race is going on in quota coaching, which is probably neither in the power of the governments nor the society to stop it, because everyone wants to get their children admitted in IIT and Medical. The situation in Kota is such that every year around 2 lakh children do coaching here. The annual business of coaching here has also crossed Rs 5000 crore. Lakhs of people are directly and indirectly connected with employment through Kota coaching. In a way, a big industry has come up around Kota coaching, in which everyone is looking for their share. Coaching does not guarantee your success- The big question is, can all children be made engineers or doctors through coaching? Because experts also say that so many children cannot get selected in institutes like IIT or AIIMS through coaching. The situation is such that four hundred children study together in each coaching class. The coaching institutes themselves give priority to the talented children in the front line. The rest is just a crowd. A few years back, Infosys Chairman Narayana Murthy had expressed concern over the fact that children are being sent to big institutes like IITs by learning tricks to pass exams through coaching, while they are not natural talent. At that time Murthy blamed these coaching centers for the falling standards in big institutes like IITs. Then what is the solution after all? By spending lakhs of rupees, the child takes admission in Kota coaching and after coaching for one year, if he does not get admission then what should he do? Secondly, such a competition is created even inside the coaching that the child goes into depression after getting less marks. This is said to be a major reason behind most of the suicides. Many children are sent to Kota against their interest or wish, under the pressure of the family, who cannot handle the pressure of studies. Some children fail and do not have the courage to return to the family and take extreme steps like suicide. How will the cases of suicide be stopped?- Coaching institutes along with the government will have to find a way so that children do not end their lives. Parents have to think positively in this direction. Chief Minister Ashok Gehlot's statement is absolutely correct that if someone does IIT, he will not become God. Today, apart from IIT and Medical, there are many other fields in the country where children are performing well. making good money. It would be better if the interest of the children is ascertained at the school level and the child can choose his field. In this direction, many changes have been made in the new education policy made by the government, whose far-reaching impact will be seen. It is also seen in Kota coaching that parents put their children in coaching after class 10th. Coaching centers conduct class XII from dummy schools. The government can at least stop the system of such dummy schools immediately. There is a need to think very seriously in this direction even at the level of the society. The need is to make films like 3 Idiots continuously, so that parents can be reminded from time to time that their child's life is more important than their career It's roll.

# First woman diplomat in pakistan

After attaining independence, India has emerged as the largest democracy in the world. India has the largest constitution in the world. After attaining independence, India has emerged as the largest democracy in the world. India has the largest constitution in the world. By the time of independence, women showed their talent in every field and gained respect. Through quality education and skills, women not only strengthened themselves financially but also proved their skills by staying in certain positions. In industry, business, banking services and digitization, women empowered themselves socially and financially. In India, from the post of Chief Minister to the post of Prime Minister and President, women have been sedentary. History is witness that from Rani Laxmi Bai of Jhansi to India's female teacher Savitri Baiphule, women set examples of change in the society on a large scale. In sports too, Indian girls have taken the world by surprise. In the words of Rabindranath Tagore, Indian women are capable of meeting all challenges with energy, loveliness, foresight, vibrant enthusiasm and commitment.

For us women are not only the light of the house but also the flame of this light. Women have been the source of inspiration for man since time immemorial. Geetika Srivastava, now serving as Joint Secretary at the Headquarters of the Ministry of External Affairs, has been appointed as the new in-charge of India at the High Commission of India in neighboring Pakistan, Islamabad. She will take over the new charge after the end of the tenure of the current in-charge Suresh Kumar. Geetika Srivastava will be the first woman to head the Indian mission in Pakistan after independence. In 1947, Mr. Prakash was sent as the Indian High Commissioner to the then Pakistan Dominion. Since then New Delhi has always been represented by male diplomats. Till now there have been 22 heads of missions here. The last Indian High Commissioner in Islamabad was Ajay Bisaria, who was withdrawn in 2019 following Pakistan's decision to downgrade the High Commission's status following the abrogation of Article 370. Women diplomats have been posted to Pakistan in the past but this is the first time a woman has been appointed at the highest level. It is also considered a difficult posting, as Islamabad was declared a "non-family" posting for Indian diplomats a few years ago.

This generally prevents female officers from taking up assignments in Pakistan. Although Benazir Bhutto is Prime Minister of Pakistan Women from Nawaz family or from other influential families are also in politics, but there is still no respect for women in the society as it is in India. Geetika Srivastava has a lot of experience in foreign service. Geetika Srivastava 2005 batch Indian Foreign Service officer. Geetika Srivastava is originally from Uttar Pradesh. She is currently serving as Joint Secretary in the Indo-Pacific Division of the Ministry of External Affairs. It is India's liaison with ASEAN, IORA and others. looks after multilateral diplomacy. She speaks fluent Chinese (Mandarin language). Geetika Srivastava has previously served as Regional Passport Officer in Kolkata and Director in the IOR Division of the Ministry of External Affairs.

After the abrogation of Article 370 in Kashmir, Pakistan downgraded the status of diplomatic relations, after which the Pakistani and Indian High Commissions in Islamabad and Delhi are headed by their respective Charges. After a long gap of four years, Geetika Srivastava will be the full-time Deputy Commissioner of India in Islamabad. His appointment comes at a time when relations between the two countries are not good. No talks are happening between the two countries and trade is also at a standstill. India has a clear stand that terrorism and talks cannot go together. Women have played an important role in diplomacy throughout the history of both India and Pakistan. Over time, there is growing recognition of the importance of including women in diplomatic efforts and negotiations. Hopefully Geetika Srivastava will be more effective in addressing the complex relations between the two countries. She will become the voice of India in Pakistan. Pakistan has also appointed Saad Wariach as the new in-charge of the Pakistan High Commission in New Delhi. It has to be seen whether these appointments will melt the ice on the relations between the two countries. In sports too, Indian girls have taken the world by surprise. In the words of Rabindranath Tagore, Indian women are capable of meeting all challenges with energy, loveliness, foresight, vibrant enthusiasm and commitment. For us women are not only the light of the house but also the flame of this light. Women have been the source of inspiration for man since time immemorial. Geetika Srivastava, now serving as Joint Secretary at the Headquarters of the Ministry of External Affairs, has been appointed as the new in-charge of India at the High Commission of India in neighboring Pakistan, Islamabad. She will take over the new charge after the end of the tenure of the current in-charge Suresh Kumar. Geetika Srivastava will be the first woman to head the Indian mission in Pakistan after independence. In 1947, Mr. Prakash was sent as the Indian High Commissioner to the then Pakistan Dominion. Since then New Delhi has always been represented by male diplomats. Till now there have been 22 heads of missions here. The last Indian High Commissioner in Islamabad was Ajay Bisaria, who was withdrawn in 2019 following Pakistan's decision to downgrade the High Commission's status following the abrogation of Article 370. Women diplomats have been posted to Pakistan in the past but this is the first time a woman has been appointed at the highest level. It is also considered a difficult posting, as Islamabad was declared a "non-family" posting for Indian diplomats a few years ago. This generally prevents female officers from taking up assignments in Pakistan. Although Benazir Bhutto is Prime Minister of Pakistan Women from Nawaz family or from other influential families are also in politics, but there is still no respect for women in the society as it is in India.

# आत्मदाह की चेतावनी के आरोप में अधिशासी अभियंता दंपति के खिलाफ एफआईआर दर्ज

मुरादाबाद-सेवानिवृत्त अधिशासी अभियंता पर सरकारी भवन का किराया न जमा करने का आरोप नगर निगम के जलकल अनुभाग में तैनात रहे अवर अभियंता राजेंद्र कुमार और उनकी पत्नी मंजू आर्या के विरुद्ध प्रधान लिपिक ने सिविल लाइन थाने में आत्मदाह की चेतावनी देने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कराई है। राजेंद्र अधिशासी अभियंता के पद से आगरा नगर निगम से सेवानिवृत्त हैं। इस समय राजेंद्र व उनकी पत्नी मंजू आर्या बरेली महानगर के इज्जतनगर में रहते हैं। बताया गया कि राजेंद्र वर्ष 2002 में मुरादाबाद नगर निगम में अवर अभियंता तैनात रह चुके हैं। 26 सितंबर 2002 को कार्यमुक्त होकर आगरा नगर निगम के जलकल अनुभाग में स्थानांतरित हुए थे। नगर निगम मुरादाबाद में तैनाती के दौरान उन्हें रामगंगा बिहार स्थित भवन (एमएमआईजी-150) आवंटित किया गया था। लेकिन, आगरा में स्थानांतरण के बाद भी उन्होंने रामगंगा बिहार कॉलोनी में स्थित सरकारी भवन खाली नहीं किया। कब्जा बरकरार होने पर भवन का किराया जमा करने के लिए उनको कई बार नगर निगम की ओर से नोटिस दिए गए। जिस पर बकाया किराया जमा करने को अतिरिक्त समय की मांग कर उन्होंने नगर निगम को 18 जून 2015 को पत्र लिखा था। अतिरिक्त समय मांगने के बाद भी उन्होंने न तो भवन का किराया जमा किया और न ही कब्जा छोड़ा। ऐसी स्थिति में नगर निगम ने उसका सामान निकालकर भवन को कब्जे में लेने के संबंध में 9 नवंबर 2017 को चेतावनी पत्र जारी किया था।

कार्रवाई के लिए नगर निगम ने अधिकारियों की कमेटी गठित कर दी थी। छह जून 2018 को नगर निगम के उच्चाधिकारियों एवं नायब तहसीलदार की मौजूदगी में कब्जे वाले भवन का ताला तोड़ा गया और उसमें रखे सामान की सूची तैयार की गई थी। सामान की यह सूची नगर निगम के अधिकारियों ने कार्रवाई के अगले दिन 7 जून 2018 को ही नगर निगम आगरा के जलकल अनुभाग के महाप्रबंधक, रामगंगा बिहार कॉलोनी के पुलिस चौकी इंचार्ज और नायाब तहसीलदार को भेजी गई थी। लेकिन, राजेंद्र ने न ही भवन से कब्जे में लिए गए सामान को लेने आए और न ही उस भवन का बकाया किराया (36 लाख रुपये) जमा किया।

### 36 लाख रुपये के बकायेदार हैं राजेंद्र

नगर निगम की तरफ से दर्ज कराई गई एफआईआर के मुताबिक, राजेंद्र कुमार व उनकी पत्नी मंजू आर्या ने संयुक्त हस्ताक्षर करके 14 अगस्त 2023 को डाक के माध्यम मुरादाबाद नगर निगम के आयुक्त को पत्र भेजा है। इसमें राजेंद्र दंपति ने लिखा है कि इस पत्र के प्राप्त होने के 15 दिन में अंकन 36 लाख रुपये का ब्रेक-अप, नियम नहीं उपलब्ध कराया गया तो मैं (राजेंद्र-मंजू) यह समझ लूंगा कि आप भी मुझे राजेंद्र कुमार अधिशासी अभियंता जल का और उनकी पत्नी मंजू आर्या को रामगंगा बिहार कॉलोनी में स्थित विभागीय भवन के किराए की गणना के संबंध में ब्रेक-अप उपलब्ध कराया जा चुका है। इस पत्र के मामले में नगर निगम के आयुक्त ने यह कहकर राजेंद्र कुमार व उनकी पत्नी के विरुद्ध एफआईआर करने के निर्देश दिए थे कि दोनों ने नगर निगम मुरादाबाद का अवशेष भवन किराया जमा न करके आत्मदाह करने की चेतावनी देकर लोक सेवक को कर्तव्यों से विरत करने का प्रयास किया गया है, जो अपराध है।

# 24 घंटे बिजली आपूर्ति का दावा यहां बेमतलब, कटौती से व्यापारियों में नाराजगी

मुरादाबाद-महानगर में 24 घंटे बिजली आपूर्ति का दावा यहां बेमतलब है। सच तो यह है कि यहां नियमित आपूर्ति के आदेश का पालन तक नहीं हो पा रहा है। रक्षाबंधन के मद्देनजर मुख्यमंत्री के निर्देश की मंगलवार की रात और हवा निकल गयी। बाजारों में महिलाओं की खरीदारी भीड़ रही, मगर बिजली गुल होने से इसमें भी कई बार खलल पड़ा। जिससे खरीदारी को गयीं महिलाओं के परिवार के सदस्य उनकी सुरक्षा को लेकर परेशान नजर आए। घनी आबादी वाले क्षेत्रों में लटकते जर्जर तारों से फाल्ट ने घंटों आपूर्ति ठप रखी। उसके बाद भी अधिकारी चुप्पी साधे रहे। हर दिन 8 से 10 घंटे हो रही बिजली कटौती से त्योहार भी प्रभावित हैं। मंगलवार की शाम पांच बजे से लेकर रात नौ बजे तक बिजली गुल होने से ग्राहकों के साथ व्यापारी भी परेशान हैं। तारों में गुरहट्टी से कोतवाली और बुध बाजार चौराहा से ताड़ीखाना तिराहा तक दिन में तीन से चार बार फाल्ट हुआ। तारों की निकली चिंगारी से बचने के लिए लोगों को भागना पड़ा। यह बोल रहे हैं विभाग के रिकार्ड -



सोमवार की रात दो बजे नबाबपुरा, रेती मोहल्ला, चौमुखापुल मोहल्लों की बिजली गुल हो गई। बिजली घर पर फाल्ट सुबह सात बजे ठीक होने पर आपूर्ति सुचारू हुई। गुलजारी मल धर्मशाला मार्ग और ताड़ीखाना रोड पर सुबह चार बजे ट्रांसफार्मर फुंकने से 10 बजे तक बिजली नहीं मिली। आरडीएसएस योजना के तहत बदले जा रहे तारों के कारण मंडी समिति, ट्रांसपोर्ट नगर, जिगर कॉलोनी मोहल्ले में पांच घंटे बिजली गुल रही। मंडी समिति में एक घंटा और जिगर कालोनी में तीन घंटे व रामगंगा विहार कालोनी चार घंटे आपूर्ति बाधित रही। त्योहारों के मौके पर बाजारों में दुकान सजाने के लिए हैलोजन लाइटें लगाती हैं, जिससे खपत बढ़ने से जर्जर तारों पर लोड पड़ रहा है। बाजारों में भीड़ होने के कारण फाल्ट सही कराने परेशानी हो रही है। भीड़ कम होने के बाद सही करा दिया गया। कुछ मोहल्लों में परेशानी बनी है। तार बदलने कार्य पूरा होने पर वहां की समस्या भी खत्म हो जाएगी। -शैलेंद्र कुमार सिंह, अधिशासी अभियंता द्वितीय वितरण खंड

# मोबाइल संदेश के जरिये मिलेंगी गन्ना तौल की पर्चियां, किसानों के अभिलेख अपडेट करने में जुटा विभाग


मुरादाबाद-किसानों के लिए राहत की बात है। गन्ना सर्वे के सट्टा प्रदर्शन में किसानों के अभिलेखों में मिली कमी दूर करने में विभाग ने ताकत झोंक दी है। गन्ना पेराई सत्र में दिक्कत न हो, इससे पहले किसानों के अभिलेख अपडेट किए जा रहे हैं। किसानों ने गन्ना फसल का रकबा कम, मोबाइल नंबर सही दर्ज होने की शिकायतें की थीं। अब किसानों को मोबाइल पर संदेश के जरिये आसानी से गन्ना तौल पर्चियां मिलेंगी। 20 जुलाई से 20 अगस्त तक गन्ना विभाग और चीनी मिल कर्मचारियों ने ग्राम पंचायत स्तर पर गन्ना सर्वे सट्टे का प्रदर्शन किया। किसानों को बताया कि अगर गन्ना फसल रकबे के रिकार्ड में कोई कमी है तो वे उसे दूर करा सकते हैं। किसानों ने पेड़ी, पौधा रकबा और मोबाइल नंबर को लेकर अभिलेखों की जानकारी की। कुछ किसानों के अभिलेखों में कमी मिली तो उनसे फार्म भरवाया गया। अब विभागीय अधिकारी उन किसानों के अभिलेखों को अपडेट कर रहे हैं। जिन्होंने अपनी शिकायत दर्ज कराई थी। उप आयुक्त गन्ना हरपाल सिंह ने बताया कि जिन किसानों ने अपनी शिकायत दर्ज कराई है। उनका डाटा सही किया जा रहा है। मंडल भर से किसानों की संख्या भी जुटाई जा रही है, जिन्होंने सट्टा प्रदर्शन के दौरान अपनी गन्ना फसल के रकबे को लेकर आपत्तियां दर्ज कराई थीं। बताया कि नए किसानों ने गन्ना समिति का सदस्य बनने के लिए भी फार्म भरे हैं। उनको समितियों को भेजा जाएगा। ताकि गन्ना तौल पर्चियां जारी करने के दौरान किसानों को दिक्कत नहीं हो सके।

गन्ने की फसल में लाल सड़न रोग की पहचान को अभियान मुरादाबाद। गन्ने की फसल में लाल सड़न रोग की पहचान के लिए विभागीय अधिकारी अभियान चला रहे हैं। किसानों को जागरूक कर गन्ने का बीज बदलने और अच्छी प्रजाति का बीज बोने की सलाह की जा रही है। गांव काफियाबाद में कई किसानों के गन्ने की फसल में लाल सड़न रोग पाया गया। जिला गन्ना अधिकारी रामकिशन ने बताया कि गन्ना विभाग और चीनी मिल के कर्मचारी क्षेत्रों में जाकर गन्ने की फसल में लाल सड़न रोग की पहचान कर रहे हैं। बिलारी क्षेत्र के कई गांवों में फसलों को देखा गया, जहां पर फसल में रोग लगा मिला। किसानों को इसकी रोकथाम की जानकारी दी गई। बताया कि लाल सड़न रोग से गन्ना बेकार हो जाता है। इससे किसानों को नुकसान होता है और चीनी उत्पादन पर भी असर पड़ता है।

# स्वामी प्रसाद मौर्या की जीभ काटने पर 10 लाख का इनाम देने की घोषणा, कांग्रेस नेता ने किया एलान

मुरादाबाद-कांग्रेस नेता ने रामचरित मानस की निंदा करने वाले स्वामी प्रसाद मौर्या से आहत हैं। उन्होंने कहा कि मौर्या लगातार गलत बयानबाजी करते हैं। इसलिए उन पर इनाम रखा गया है। मुरादाबाद के कांग्रेस नेता पंडित गंगा राम शर्मा श्री रामचरित मानस को लेकर सपा नेता स्वामी प्रसाद मौर्या के ताजा बयान से आहत हैं। उन्होंने सपा नेता की जीभ काटने वाले को 10 लाख रुपये नगद पुरस्कार देने की घोषणा की है। कांग्रेस के मानवाधिकार विभाग के जिला चेयरमैन पंडित गंगा राम शर्मा ने कहा कि सपा नेता स्वामी प्रसाद मौर्या हिंदू धर्म को अपमानित करने के लिए धार्मिक पुस्तक रामचरित मानस की निंदा करता रहता है।

इसी कारण उसकी जीभ काटने के लिए नगद इनाम रखना पड़ा है। आवश्यकता पड़ी तो वह अपने धर्म के लिए


जिला कांग्रेस कमेटी
मानवाधिकार विभाग
कार्यालय गंज गुरहट्टी मुरादाबाद
प्रेस विज्ञप्ति
29/08/2023
जिला कांग्रेस कमेटी, मानवाधिकार विभाग के जिला चेयरमैन पंडित गंगाराम शर्मा ने कहा कि सपा नेता स्वामी प्रसाद मौर्य प्राय: हिन्दू धर्म को अपमानित करते हुए अपने मुँह से हिन्दू धर्म की धार्मिक पुस्तक रामचरित मानस की चौपाइयों की निन्दा करता रहता है। पंडित गंगाराम शर्मा ने स्वामी प्रसाद मौर्य की जीभ काटने वाले को दस लाख

जान भी दे देंगे। सपा नेता ने अब हिंदू धर्म के खिलाफ बयान देना शुरू कर दिया है। रामचरितमानस को बताया था बकवास रामचरितमानस पर समाजवादी पार्टी (सपा) के नेता स्वामी प्रसाद मौर्य ने बयान देकर विवाद को बढ़ा दिया है। सपा नेता ने कहा, रामचरितमानस में दलितों और महिलाओं का अपमान किया गया है। तुलसीदास ने ग्रंथ को अपनी खुशी के लिए लिखा था। करोड़ों लोग इसे नहीं पढ़ते। इस ग्रंथ को बकवास बताते हुए कहा कि सरकार को इस पर प्रतिबंध लगा देना चाहिए। सपा नेता ने एक न्यूज चैनल से बातचीत में मानस के एक अंश को उद्धृत करते हुए कहा, ब्राह्मण भले ही दुराचारी, अनपढ़ हो, लेकिन वह ब्राह्मण है। उसको पूजनीय कहा गया है। लेकिन शूद्र कितना भी ज्ञानी हो, उसका सम्मान मत कीजिए। मौर्य ने सवाल उठाया, क्या यही धर्म है? जो धर्म हमारा सत्यानाश चाहता है, उसका सत्यानाश हो। उन्होंने बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर धीरेंद्र शास्त्री पर हमला बोलते हुए कहा, धर्म के ठेकेदार ही धर्म को बेच रहे हैं। धीरेंद्र शास्त्री ढोंग फैला रहे हैं। ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए। उल्लेखनीय है कि इससे पहले 11 जनवरी को बिहार के शिक्षामंत्री चंद्रशेखर ने भी रामचरित मानस को नफरत फैलाने वाला हिंदू धर्म ग्रंथ बताया था।

## अवध एक्सप्रेस का महिदपुर रोड स्टॉपेज होने पर खुशी की लहर

क्यूँ न लिखूँ सच -बनवारी लाल शर्मा

महिदपुर रोड नगर व ग्रामीण वाशियो के लिए खुशखबरी हे की कोरोना काल से बंद अवध एक्सप्रेस का ठहराव रेलमंत्रालय द्वारा दिनांक 01/09/2023 को कोटा से वडोदरा आने में ट्रेन न.19038 अवध दोपहर 15.43 मिनिट पर महिदपुर रोड स्टेशन पर रुकना प्रारंभ होगी वडोदरा से कोटा जाने के लिए ट्रेन न.19037 अवध एक्सप्रेस दिनांक 02/09/2023 से सुबह 9.13 मिनिट पर महिदपुर रोड स्टेशन पर रुकना प्रारंभ होगी सभी नगर वासियों को बहुत बहुत बधाई

# मुंगेरी लाल के हसीन सपने, हकीकत कोसो दूर

क्यूँ न लिखूँ सच

मो.ख़ालिद खान लाला

आष्टा। विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक पारा अब तेजी से चड़ने लगा है,ज़ुबानी जंग के बाद अब एक दूसरे के मुद्दे को हथियाने की कवायद भी शुरू हो चुकी है,तुम डाल डाल हम पात पात, दांव पेंच के बीच टिकिट की चाह में लगे उम्मीदवार क्षेत्रिय क्षत्रपों के आश्वासनों के भरोसे पसीना बहा रहे है,आष्टा विधानसभा 157 (सुरक्षित) में बीजेपी की तुलना में कांग्रेस में अधिक गुटबाजी होने से भीतर घात की संभावना अधिक नज़र आरही है, दो उम्मीदवार तो कांग्रेस छोड़ने के बाद 15 महीने की सत्ता आते ही टिकिट की चाह में अपनी वापसी कर चुके है,वहीं चुनाव पूर्व कांग्रेस में अपनी पार्टी सहित शामिल होने वाले नेताजी ओर उनके समर्थक तो अपना टिकिट सौ प्रतिशत पक्का मानकर चल रहे हैं, बाकी बचे तीन में से एक स्थानीय निवासी है और दो बाहरी होने के बावजूद स्थानीय गुटबाज नेताओं के आधार पर अपना टिकिट पक्का मान रहे है,उम्मीदवारों की गलत फहमी का फायदा उठाकर कांग्रेस की असन्तुष्ट लॉबी तीनो को उनके साथ होने के मुगालते पलवा रही है,,आष्टा विधान सभा में कांग्रेस से आधा दर्जन उम्मीदवार टिकिट की आस लगाए हुए हैं,मौखिक आरोप प्रत्यारोप कोन असली कोन नकली की फिक्रेबाजी भी चल रही है,हम बात कर रहे हैं आष्टा में बीजेपी ओर कांग्रेस दोनों पार्टियों की, दोनों कुछ इसी तर्ज पर सियासी जंग फतेह करने की जुगत में लगे हैं,इससे भी आगे जाकर संतो और नेताओं को हाइवे पर रोककर चरण वंदना कर टिकिट की नैया पार लगाने की जुगत में लगे हुए हैं, वहीं नारी सम्मान योजना को लेकर उत्साही नज़र आ रही कांग्रेस पार्टी के दो वचन पत्रों को बीजेपी ने अपनी झोली में डालते ही पार्टी कार्यकर्ता भरे हुए फार्म को लेकर सोंच में पड़ गये हैं, भाजपा से भी टिकिट के 4 दावेदार भी जोर आजमाइश में लगे हुए है, पार्टी ने अगर परफार्मेंस का फार्मूला लागू किया तो वर्तमान भूतपूर्व हो जायेगे बाकी 3 में भी भितरघात होने से इनकार नही किया जा सकता।

### भाजपा मे डेमेज कंट्रोल आसानकांग्रेस मे घमासान

कांग्रेस की अपेक्षा भाजपा में डेमेज कंट्रोल थोड़ा आसान है,अभी आष्टा सीट पर दोनों पार्टियों ने उम्मीदवार घोषित नहीं किये हैं,भाजपा 35 साल से जीत दर्ज करने वाली इस सीट को जीतने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगा देगी,वहीं इस सीट पर खोने के लिए कांग्रेस के पास कुछ है नही लेकिन बीजेपी के खिलाफ लोंगों के रुझान से उत्साह से भरे कांग्रेसी नेताओं ने जनता के लिए भले ही किया कुछ भी नही, बस हमें ही टिकिट मिलना चाहिए नही तो.. खाएंगे नही तो ढोल देंगे के हालात नजर आ रहे है। इसका खामियाजा पार्टी से ज्यादा नए कांग्रेसियों को उठाना पड़ेगा।अगर कांग्रेस इस भरोसे की जनता अब चमत्कार करेगी ऐसा कुछ नही होने वाला,ये पब्लिक है सब जानती है। स्थानीय नेताओं के आकाओं का एक गलत फैसला पार्टी की एक सीट कम कर सकता है,किसे टिकिट मिलेगा किस को नही ये फैसला दोनों पार्टियों को करना है,'

### बड़ी कठिन है राह टिकिट की

जनता उम्मीदवारों के बारे में क्या राय रखती है,सिफारिश करने वालों को नही पता,उन्हे तो बस गुट पता है।35 साल आष्टा कांग्रेस का वनवास क्यों है,इतना भी लोगों को सब्ज़बाग न दिखाओ नही तो बनी बात को वो ही लोग बिगाड़ देंगे जिन्हे अलग अलग नेताओं ने टिकिट का लॉलीपॉप देकर क्षेत्र में दौड़ा दिया है,जबकी मिलना एक को है तो बाकी आधा दर्जन जो दो तीन माह से परिश्रम और धन खर्च कर महिला सम्मान कर रहे है वो पार्टी की रणनीति का गुड़ गोबर कर सपने धराशाई कर देंगे उनका कहना है की फिजा बिगड़ते देर नही लगती,रही बात पसमांदा अल्प संख्यकों की जब उन्हे 65-सत्तर साल में कुछ नही मिला तो अब क्या मिल जाएगा,वो तो तब भी वोटर ही थे लेकिन अब वो समझ दार वोटर हो गए हैं,

### मुंह मे राम,बगल मे छुरी,किस पार्टी पर उतरेगी खरी

बीएसपी,एनसीपी,आम आदमी ,एआइएम का विकल्प तो खुला है,अब मुंह मे राम और बगल..नही चलेगा, अब मतदाता इस पर भी विचार कर रहा है,रही बात लोक सभा की तो उसके लिए राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे का साथ दिया जावेगा,विधान सभा मे तो स्वतंत्र हैं,अगर नेताओं को गलत फहमी है तो निकाल देना चाहिए, जिन्हें चुनावी सीजन में पद देकर वोट की ग्यारंटी जो मान रहे है,नगर पालिका में टेलर देख चुके हैं,विधान सभा मे पोलिंग के नतीजे भी आईने की धूल भी साफ कर देंगे।जो टिकिट के ठेकेदार बन रहे है उन्हे अपने भविष्य के बारे में सोचना चाहिए।




क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

# सरकार की जनहितकारी योजनाओ व निषाद पार्टी की नीतियों को जन जन तक पहुचाऐं- रामपाल सिहं कश्यप


क्यूँ न लिखूँ सच
निशाकांत शर्मा



एटा-गत दिवस विधान सभा क्षेत्र अलीगंज के अन्तर्गत आने वाले गांव बिजलई में निषाद पार्टी की एक सभा का आयोजन निषाद पार्टी के प्रदेश सचिव रामपाल सिहं कश्यप के मुख्य आतिथ्य एवं जयराम सिहं यादव की अध्यक्षता में किया गया जिसका संचालन आगरा में निषाद पार्टी के अध्यक्ष कोमल सिहं निषाद द्वारा किया गया ! जनसभा में जहां निषाद पार्टी के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष राकेश कश्यप का क्षेत्रिय लोगों एव निषाद पार्टी कार्यकर्ताओ ने माल्यार्पण कर गर्मजोशी से अभिनदंन किया गया तो वहीं सैकडों की संख्या में मौजूद लोगों ने निषाद पार्टी की नीतियों में आस्था व्यक्त करते हुऐ पार्टी की सदस्यता ग्रहण की ! उक्त अवसर पर निषाद पार्टी के प्रदेश सचिव रामपाल सिहं कश्यप ने कहा कि हम सभी लोगों का दायित्व है कि सरकार की लाभकारी योजनाओ एवं निषाद पार्टी की नीतियों को जन जन तक पहुंचाऐ ! जनसभा में निषाद पार्टी के वरिष्ठ जिला महासचिव डा. सुभाष चन्द शाक्य , अश्वनी वर्मा ,श्रीमती अनामिका यादव ,देवकी प्रसाद निषाद ,दीप सिहं यादव ,राजकुमार निषाद ,महेश सिहं , सुनील निषाद ,ब्रजकिशोर रावत,राजकुमार , दीवान सिहं ,कुंवरपाल कश्यप, श्याम सुन्दर कश्यप ,रवेन्द्र सिहं बीडीसी कैला ,संतोष यादव प्रधान कैला , विशुन चन्द शाक्य पूर्व प्रधान , प्रदीप , झन्डेल सिहं ,शकील अहमद,रज्जाक खां ,अवधपाल कश्यप , खिलाडीलाल कश्यप,सुरेन्द्र सिहं ,लेखराज ,मुनेन्द्र सिहं ,अविनाथ सिहं,रूमाल सिहं यादव ,अनिल यादव,जुगेन्द्र सिहं , दिनेश , महेश रामवीर,रामौतार,अर्जुन सिहं सहित सैकडों लोग उपस्थिति रहे !

# रक्षाबंधन पर्व पर बहनों के लिये रक्तदान कर,सचिन ने निभाया अपना धर्म

क्यूँ न लिखूँ सच
प्रदीप कुमार तिवारी



रीवा जीते जी रक्तदान और मरणोपरांत देहदान करने वाले सचिन अपने जूनून के लिए जाने जाते हैं गौरतलब है कि सचिन अब तक 22 माह में 8 बार रक्तदान कर चुके हैं वहीं अपने मरणोपरांत देहदान का सहमति भी दे चुके। समाजसेवा के क्षेत्र में कम उम्र के युवा विरले ही होते है हैं। सचिन के रक्तदान करने के अवसर पर ,उनके पिता जी जगभान प्रसाद कुशवाहा, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ बीएल मिश्रा, संजय गांधी स्मृति एवं गांधी स्मृति अस्पताल के अधीक्षक डॉ राहुल मिश्रा श्याम शाह मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ मनोज इंदुलकर, डॉ राम सुजान सिंह समाज सेवी परमजीत सिंह डंग, डॉ रामसुजान सिंह स्मृति समिति से डॉक्टर ज्योति सिंह, ज्योत्सना सिंह, वरिष्ठ समाजसेवी देवेंद्र सिंह,भरोसा सेवा संस्था के अध्यक्ष रजनीश कुशवाहा, विवेक वर्मा,ब्लड बैंक के प्रभारी रहे डॉक्टर लोकेश त्रिपाठी, डॉ गणेश प्रसाद, डॉ महेंद तिलकर, डॉ राकेश पटेल, डॉ विपिन तिवारी, सिमरिया से समाजसेवी पंकज पटेल, सुनील सिंह बद्रिका मोटर्स,जेपी कुशवाहा, आर एस वर्मा,डॉ राकेश धनकड़, डॉक्टर सुनील वर्मा,विघ्नहर्ता सेवा संस्थान के अध्यक्ष कमलेश्वर द्विवेदी महाकाल सेवा संघ के अध्यक्ष देवेंद्र द्विवेदी,प्रयास रक्तदान सेवा संगठन के अध्यक्ष अवनीश तिवारी, मां जानकी सेवा समिति के अध्यक्ष इंजी घनश्याम पटेल,गौ सेवक पंडित बालकृष्ण द्विवेदी,अजय सेवा संस्थान के अध्यक्ष रोहित तिवारी,मयंक तिवारी,मनु शुक्ला, अंशुमान गुप्ता, विपुल मिश्रा, संदीप मिश्रा, डॉ मासूम चमाडिया, डॉ.साक्षी अंबेडकर ,अजय केला दिनेश डायमंड, राजरखन पटेल,रवि कुशवाहा,जवाहरलाल नेहरू महाविद्यालय के प्राचार्य मिहिर पाण्डेय,विजय कुशवाहा, राजेश कुशवाहा नील गुप्ता, देव पाण्डेय, श्रवण कुमार द्विवेदी,सहित कई अन्य समाजसेवियों ने उन्हें शुभकामनाएं दी।

# शिक्षा चौपाल एवं माता उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन



क्यूँ न लिखूँ सच
शेर सिंह

बरेली-प्राथमिक विद्यालय गजरौला नवीन के प्रांगण में शिक्षा चौपाल एवं माता उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन खंड शिक्षा अधिकारी की अध्यक्षता में किया गया।उनके द्वारा अभिवावको को निपुण लक्ष्य,छ्क्क्ष के द्वारा दिये गए पैसे से ड्रेस लेने को प्रोत्साहित किया गया।कार्यक्रम में बच्चो ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये।कार्यक्रम में स्त्रत्न डॉ लक्ष्मी शुक्ला जी,त्र्क्ककन्हई लाल जी, प्रधानाध्यापिका, समस्त बच्चों के अभिभावक एवं समस्त शिक्षक, आंगनवाड़ी सहायिका उपस्थित रहे।विद्यालय के ही शिक्षक और राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिला संगठन मंत्री जितेंद्र गंगवार ने अभिभावकों से छात्रों को रोज विद्यालय भेजने और समय समय पर स्कूल आकर बच्चो की प्रगति पता करने का अनुरोध किया और निपुण भारत मिशन के बारे में जानकारी दी।

# देश के वीरों के साथ रेशम के धागो की खुशियां-श्लेषा शुक्ला



क्यूँ न लिखूँ सच
प्रदीप कुमार तिवारी

रीवा बेनिसन हेल्पिंग सोशल वेलफेयर सोसायटी की तरफ से रीवा के सेंट्रल जेल में वीर सिपाहियों के साथ रक्षाबंधन का त्यौहार मनाया गया ऐसे वीर भाइयों को राखी बांधी गई जो देश की सेवा के लिए अपनी बहनों से अपने घर नहीं जा पाते हैं उनके साथ राखी का त्यौहार नहीं मना पाते वीरों की बहने राखी बांधने उनके पास नहीं आ पाती उन वीरों की कलाई खाली ना रहे इस उद्देश से साथ बेनिसन हेल्पिंग सोसायटी की बहने उनकी कलाई में राखी बांध के उनके साथ खुशियां मनाए

# सनातनियों का मूल कर्म हैश्रावणी उपाकर्म

क्यूँ न लिखूँ सच
घनश्याम प्रसाद शर्मा



पन्ना - श्रावण शुक्ल पूर्णिमा को देवेंद्र नगर समीपस्थ जलाशय की तलहटी में सनातन धर्म के अंतर्गत अनादि काल से चली आ रही श्रावणी उपाकर्म का संपादन आचार्य पंडित श्री सभापति शुक्ला जी पूर्व प्राचार्य जी की अध्यक्षता एवं पंडित पवन त्रिपाठी के संयोजकत्व तथा पंडित रूप नारायण गर्ग के यजमानत्व में श्रावणी उपाकर्म का संपादन प्रारंभ किया गया प्रारम्भ में जलाशय की मुख्य धारा में सभी पापों का प्रायश्चित करते हुए वरुण सूर्य पितरों का स्मरण पूजन एवं तर्पण किया गया स्नान उपरांत वहां गणेश गौरी शिव आराधना के साथ सप्तर्षियों के साथ माता अरुंधति का पूजन स्मरण किया गया तथा यज्ञोपवीत सूत्र में संपूर्ण देवताओं का आवाहन पूजन करके यज्ञोपवीत सभी ने धारण किया तदुपरांत हवन प्रसाद वितरण एवं भंडारे का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम के संपादन में सेवा निवृत्त शिक्षक श्री राम लखन शुक्ला जी श्री संतोष शुक्ला जी एवं श्री शिवनारायण गर्ग जी का विशेष सहयोग रहा तथा सभी आचार्य श्री धीरज शुक्ला श्री राम रूप शुक्ला मुकेश त्रिपाठी श्रीरंगम त्रिपाठी प्रभाकर त्रिपाठी सत्यम तिवारी गोविंद शुक्ला श्री दुर्गेश गोस्वामी श्री चंद्रशेखर पांडे श्रीउमाप्रसाद पांडे श्री मिथिलेश द्विवेदी साहब लाल प्यासी मनीष लटौरिया श्रीअनिल सिंह बुन्देला जीआदि उपस्थित रहे।

# दलित युवक की निर्मम हत्या को लेकर युवक कांग्रेस ने जलाया नगरीय प्रशासन मंत्री का पुतला

क्यूँ न लिखूँ सच
घनश्याम प्रसाद शर्मा



पन्ना -पुरानी कचहरी में युवक कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जमकर किया प्रदर्शन प्रदेश के सागर जिले की खुरई तहसील के ग्राम बरोंदा नोनागिर में अनुसूचित जाति के युवक नितिन अहिरवार को न्याय मांगने पर उसे दबंगो द्वारा इतना पीटा गया कि उसे गंभीर चोट लगने से उसकी मौत हो गई इतना ही नहीं अपने बेटे को बचाने आई उसकी मां को भी निर्वस्त्र कर पीटा गया जिससे मा का हाथ टूट गया।

